<u>सन्देश</u>

भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पी, डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

डॉ. आम्बेडकर हमारे स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता थे और समाज के परंपरागत रूप से वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले दृढ़ योद्धा थे। शोधकर्ता, शिक्षाविद, विधिवेत्ता, समाज सुधारक और राजनेता डॉ. आम्बेडकर का जीवन और जीवन-दर्शन साहस और दृढ़ विश्वास की प्रेरक गाथा है।

डॉ. आम्बेडकर ने ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां ऐतिहासिक रूप से वंचित वर्गों, किसानों, मजदूरों और विशेषकर महिलाओं को सबके साथ बराबरी का अधिकार और सम्मान मिले। वे शांति, अहिंसा और सौहार्द के साथ सभी मुद्दों का लोकतांत्रिक माध्यमों से समाधान करने के पक्षधर थे। उनके द्वारा सुझाया गया यह रास्ता ही बंधुता, समता और समरसता की भावना को मजबूत बनाता है।

आइए, आज के दिन हम डॉ. आम्बेडकर के जीवन और विचारों से शिक्षा ग्रहण करके, उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें।

*****